कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

प्रेस समाचार– केन्द्रीय बजट 2024–25 पर चर्चा कार्यक्रम   दिनांक : 24 जुलाई 2024

महाविद्यालय में आज दिनांक 24 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे केन्द्रीय बजट 2024 पर अर्थशास्त्र विभाग के तहत संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में वित्तमन्त्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के बजट अभिभाषण पर चर्चा परिचर्चा में न्यू टैक्स रिजीम के तहत 75 हजार तक स्टैन्डर्ड डिडक्सन, मोबाइल फोन के पार्ट्स व सोना चांदी पर कस्टम ड्यूटी कम करने, कैंसर की तीन दवाइयों से कस्टम ड्यूटी कम घटाने, युवाओं के लिए मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने, 500 टॉप कंपनियों में 5 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप दिये जाने, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए विशेष स्कीम की घोषणा, महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान करने, सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 करोड़ घरों में सोलर पलांट से 300 यूनिट तक हर महीने बिजली फ्री दिये जाने की स्कीम, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त घर बनाये जाने, कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड़ रूपये आवंटित किये जाने, कार्यकारी महिलाओं के लिए हास्टल की सुविधा देने जैसे महत्वपूर्ण विन्दुओं पर चर्चा की गयी। साथ ही एंजेल टैक्स समाप्त करने, सुरक्षा क्षेत्र में बजट बढ़ाने, आल वेदर रोड, एमएसएमई सेक्टर का विकास, ई–कामर्स पर कर की दर घटाकर 0.10प्रतिशत करने, नाबालिगों के लिए एन0पी0एस0वात्सल्य स्कीम प्रारम्भ करने जैसे लाभकारी योजनाओं पर संगोष्ठी में चर्चा परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ0 डी0के0गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 रंजना सिंह, श्रीमती पुष्पा, आचार्य अतुल कुमार मिश्र, श्री संजय कुमार गंगवार, डॉ0 रेखा मेहता ने बजट पर अपने विचार प्रकट किये। प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित ने बजट के बारे में छात्र/छात्राओं को जागरूक किया तथा संगोष्ठी आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। बजट परिचर्चा में ओमप्रकाश जोशी, देवेन्द्र सिंह नेगी, अंजली, रश्मि भट्ट, भागीरथी, हंसा भट्ट ने अपने अपने विचार प्रकट किये तथा कुछ प्रश्नों का उत्तर भी प्राप्त किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के साथ ही प्रधान सहायक श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल उपस्थित रहकर बजट के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्राचार्य
प्रो0(डॉ0) अजिता दीक्षित
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी

डॉ0 डी0के0 गुप्ता
असि0प्रोफेसर– अर्थशास्त्र विभाग,
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी

iQOO 12
Devendra Singh Amori Uttarakhand 07/24/2024, 12:26

अर्थशास्त्र विभाग
(विभागीय परिषद)

अर्थशास्त्र विभाग
(विभागीय परिषद)
NEP 2020 Economics

iQOO 12

07/24/2024, 11:30